## देहात थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही, पांच लाख रूपए की अवैध शराब की बरामद

# पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को पकड़ा






हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

देहात थाना पुलिस ने दो आरोपियों को पांच लाख रूपए की अवैध शराब के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा अजय पाण्डे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता (आई.पी.एस.) के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के द्वारा अवैध शराब पर अंकुश लगाए जाने के निर्देश प्राप्त हुए। 23 मई की रात्रि गस्त दौरान जरिए मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की एक पिकअप वाहन क्रमांक MH/49-BZ/3606 में अवैध शराब लेकर कुण्डाली तरफ से पोआमा की ओर आ रही है, जिसे दबिस देकर पोआमा कुण्डाली रोड सभा मंच के पास एक पिकअप वाहन क्रं. MH/49-BZ/3606 को रोककर चैक किया गया, वाहन में दो व्यक्ति मिले जिनसे नाम पता पूछने पर अपना-अपना नाम 1. हिंमाशु पिता मनोज जायसवाल उम्र 25 साल निवासी रामबाग चौकी धरमटेकड़ी थाना कुण्डीपुरा जिला छिंदवाड़ा एवं 2. आकाश मालवी पिता संतोष मालवी उम्र 24 वर्ष निवासी रामबाग चौकी धरमटेकड़ी थाना कुण्डीपुरा का होना बताए एवं वाहन चैक करने पर सब्जी के कैरेट के बीच में 85 नग खाकी रंग के कार्टुन मिले जिन्हे उतारकर चैक करने पर प्रत्येक कार्टुन में 50-50 निब नग देशी शराब प्रत्येक नग 180 एमएल शीलबंद भरे हुए मिले कुल 85 नग कार्टून में 4250 निब नग देशी लाल मदिरा कुल बल्क 765 लीटर कीमती करीबन 425000/- रुपये मिले जिसे जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया आरोपियों को थाना लेकर आया गया आरोपी द्वारा धारा 34(1) 34(2),46आबकारी एक्ट का घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तारी की गई है। आरोपियों के विरुद्ध अप.क्र.273/25 धारा-34 (1) 34(2) 46 आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**आरोपीगण** (1) हिंमाशु पिता मनोज जायसवाल उम्र 25 साल निवासी रामबाग चौकी धरमटेकड़ी थाना कुण्डीपुरा जिला छिंदवाड़ा मो.न.9343593919 (2) आकाश मालवी पिता संतोष मालवी उम्र 24 वर्ष निवासी रामबाग चौकी धरमटेकड़ी थाना कुण्डीपुरा छिंदवाड़ा। जप्तीः- 1) देशी मदिरा लाल 180 ML की 4250 नग कुल 765 ली. (2) पिकअप वाहन क्रं. MH/49-BZ/3606 कीमती 5,00,000/-रूपये (पांच लाख रूपये)

**महत्वपूर्ण भूमिकाः-** निरी. जी. एस. राजपूत, सउनि कमलेश सत्यार्थी, प्र.आर. 429 विष्णु बघेल, आर. 148 शेरसिंह आर. 779 सौरभ बघेल, आर. 836 उमेश उइके।

## पुलिस ने शिवपुरी थाने से की थी पतासाजी

# हत्या के मामले में दीघावानी से दो को ले गई महाराष्ट्र पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नागपुर (ग्रामीण) जिले के अंतर्गत हुई एक हत्या के मामले में महाराष्ट्र पुलिस दीघावानी में रहने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर ले गई। इस मामले में तीन लोग आरोपी हैं।मिली जानकारी के अनुसार नागपुर (ग्रामीण) जिले के कन्हान में सिक्यूरिटी गार्ड के रूप में पदस्थ किशोर सूर्यवंशी और सारणी तवा खदान में कार्यरत सिक्यूरिटी गार्ड सूरज नागपुरे में आपसी रंजिश के चलते सूरज ने उसके चचेरे भाई दीघावानी (परासिया) निवासी कैलाश नागपुरे और दोस्त पीयूष बघेल के साथ मिलकर किशोर सूर्यवंशी के साथ कन्हान जाकर मारपीट की। उसके सिर पर बियर की बाटल भी फोड़ी। जिससे किशोर बुरी तरह घायल हुआ। किशोर को नागपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। किशोर घटना वाले दिन जब समय पर घर नहीं पहुंची तो उसने पता साजी की। किशोर की पत्नी के द्वारा संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। घटना के 12 दिनों बाद किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले तफ्सीस की। जिसके बाद तीनों आरोपियों के द्वारा घटना कारित करना सामने आया। कन्हान था क्षेत्र की पुलिस ने शिवपुरी थाने से आरोपियों की पता साजी की और प्रधान आरक्षक वैदेही पटेल के सहयोग से आरोपियों को गिरफ्तार कर ले गई।

## दुर्घटना में अज्ञात युवक की मौत शिनाख्त के लिए पुलिस कर रही प्रयास

**परासिया :** परासिया - छिंदवाड़ा मार्ग पर सोनापीपरी के आगे एक पेट्रोल पंप के समय हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। जिसकी शिनाख्त के लिए परासिया पुलिस प्रयास कर रही है। घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है। घटना स्थल के समीप मौजूद निशानों के आधार पर किसी वाहन से दुर्घटना होना बताया जा रहा है। परासिया थाने में पदस्थ ए एस आई श्री धुर्वे ने बताया, कि मृतक को परासिया अस्पताल में लाकर रखा गया है। जिसकी शिनाख्त के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहा हैं।अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है।

## जल संरक्षण संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**छिन्दवाड़ा।** जिले के विकासखंड बिछुआ के सेक्टर बडोसा-05 के ग्राम देवनदी में एक किसान के खेत में बन रहा खेत तालाब जहां नवांकुर संस्था प्रभारी द्वारा जाकर ग्रामीणों के साथ जल संरक्षण से संबंधित जानकारी दी कि जल को कैसे बचाया जाए, जल का कैसे उपयोग किया जाए एवं जल के स्तर को कैसे बढ़ाया जाये और स्वच्छता का संदेश दिया गया। यह संदेश चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत दिया गया। यह संवाद कार्यक्रम कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन एवं विकासखंड बिछुआ समन्वयक श्री दीपक गेडाम के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें नवांकुर संस्था राधादेवी के प्रभारी श्री अरुण राऊत, श्री सुनील कोचे एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति देवनदी के सदस्यगण, ग्राम पंचायत के सचिव, सरपंच और ग्राम के वरिष्ठ नागरिकगण एवं श्रमिक उपस्थिति थे।

# तेंदुए ने किया कोठे पर बंधी बकरी और गाय के बछड़े का शिकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

विकासखंड के ग्राम बडचिचोली में कल देर रात्रि में खेत के कोठे पर खूंटे बंधी से बकरी और गाय के बछडे की तेंदूए के हमले में मौत हो गई। किसान विजय निहारे आज सुबह 10 बजे जब अपने खेत पहुंचा तो उसे तेंदूए के हमले का पता चला। किसान ने बताया कि सुबह जब वह खेत पहुंचा तो बकरी का पिछला हिस्सा गायब था और गाय का बछडा दो टुकडों में पाया गया। किसान विजय ने बताया कि उसे आर्थिक रूप से 40000 रू की हानी हुई है। वनविभाग के दल ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कारवाई कर दी है जिससे किसान को जल्द से जल्द मुआवजा मिल सके।

## जल संरक्षण के अंतर्गत जल संगोष्ठी एवं किया श्रमदान

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन एवं बिछुआ विकासखंड समन्वयक श्री दीपक गेडाम के मार्गदर्शन में नवाकुर संस्था प्रभारी श्री विजय वर्मा एवं परामर्शदाता श्रीमती जमुना चोरिया, श्री रामराज वर्मा, श्री लक्ष्मीधर, वरिष्ठ समाज सेवी श्री श्यामल राव के सहयोग से विकासखंड बिछुआ के सेक्टर क्रमांक- 02 खाम खामरा के ग्राम पिपरिया कला के पोखर तालाब में जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत श्रमदान एवं ग्रामीणों के साथ जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर समाजसेवी श्री अरविंद पटेल ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण और जल के महत्व व जल को कैसे बचाया जाए के संबंध में सभी को बताया एवं यह आग्रह किया कि आप अपने-अपने ग्राम के जल स्रोत को ग्रामीणजन के सहयोग से कुओं, हैंडपंप के आसपास स्वच्छता एवं जल स्रोत को संरक्षित करने के लिये सभी को प्रेरित करने का कार्य करें। यह अभियान लगातार 30 जून तक चलेगा। जल है तो कल है, जैसे नारे के माध्यम से युवाओं में जोश एवं उत्साह भरते हुए क्षेत्र में रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक करने की बात कही। वरिष्ठ समाजसेवी श्री श्यामल राव ने किसानों से अपील की है कि अपने खेत में मेड़-बंधान, बोरी-बंधान, चेक डेम के द्वारा भी जल संरक्षण कर पानी को बचाया जा सकता है। साथ ही श्री दीपक गेडाम द्वारा बताया गया कि भविष्य में पानी की समस्या को देखते हुए सभी से जल स्रोत का संरक्षण करने का कार्य करें।

### ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए किया गया जागरूक

छिन्दवाड़ा। विकासखंड तामिया के नवांकुर संस्था सेक्टर क्रमांक-05 छिंदी श्री दादा जी जन जागृति एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री रघुवीर पंद्राम के सहयोग से आज जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पीपरढार में स्कूल के सामने वाले हैंडपंप की साफ-सफाई का कार्य किया गया।

# शहर के मुख्य चौराहों में लगाए जाएंगे नए सिग्नल

## हेलमेट की अनिवार्यता का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दोहराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में प्रभारी अपर कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने और बिना हेलमेट पेट्रोल देने पर पेट्रोल पंप संचालकों पर सख्ती करने पर विशेष जोर दिया गया। शहर के मुख्य चौराहों पर जहां के पुराने सिग्नल ठीक से काम नहीं कर रहे हैं, वहां नए ट्रैफिक सिग्नल लगाने और एन.एच.ए.आई के अधिकारी को सभी चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट पर आवश्यक सूचना बोर्ड, रेडियम, कैट आईज, मीडियन रोड मार्किंग आदि का कार्य एक सप्ताह में कर फोटोग्राफ्स के साथ पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा के साथ ही नए एजेंडा बिंदुओं पर भी चर्चा की गई और महत्वपूर्ण निर्देश दिये गए।

जिले में हेलमेट का उपयोग न करने पर सड़क दुर्घटनाओं में दो पहिया वाहन चालकों की हो रही मृत्यु की घटनाओं में गहन चिंता व्यक्त करते हुए हेलमेट को अनिवार्य किया गया है। पिछली बैठक में सख्त निर्देश देने और पेट्रोल पंप संचालकों को इस संबंध में पत्र जारी कर निर्देशित करने के बाद भी निर्देशों का पालन न पाए जाने पर प्रभारी अपर कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी को पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा निर्देशों की अवहेलना करने पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं और प्रति सप्ताह में की गई कार्यवाही से टी.एल. बैठक में अवगत कराने के लिए निर्देशित किया है।



### एन.एच.ए.आई. के अधिकारी पर नोटिस जारी करने के निर्देश

फरवरी माह में आयोजित बैठक में निर्देशित करने के बाद भी अभी तक छिंदवाड़ा-सिवनी खंड में प्रिंस ढाबा के पास प्रकाश की व्यवस्था को लेकर कोई भी कार्यवाही नहीं करने और चिन्हित ब्लॉक स्पॉट्स पर सुरक्षा के लिए आवश्यक रोड मार्किंग, रेडियम, साइन बोर्ड आदि अभी तक नहीं लगाने पर एन.एच.ए.आई के अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

### शहर में व्यवस्थित कराएं यातायात

प्रभारी अपर कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने निर्देश दिये कि शहर में यातायात सुगम और व्यवस्थित कराएं। मुख्य जहां कहीं भी बड़े मार्ट आदि के बाहर पार्किंग के कारण सड़कों पर अतिक्रमण और यातायात प्रभावित हो रहा है, ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम की टीम सख्ती से संयुक्त कार्यवाही करें। उनके बेसमेंट में पार्किंग को शिफ्ट कराया जाए और सड़क पर नो पार्किंग का बोर्ड लगवाया जाए। ई.एल.सी. चौक के डिवाइडर से टकराकर हो रहे सड़क हादसों को लेकर भी चर्चा की गई और नगर निगम को डिवाइडर में फ्लोरोसेंट पेंट और डेलीनेटर लगाने के निर्देश दिए गए। एम.पी.आर.डी.सी. के महाप्रबंधक को सत्कार होटल के सामने लंबे समय से बने गड्ढे की मरम्मत का कार्य 15 दिन में कर पालन प्रतिवेदन देने के लिए निर्देशित किया गया। शहर में स्थित बस स्टैंड को शहर में बढ़ते यातायात के कारण शहर के बाहर स्थापित करने और आई.एस.बी.टी. के रूप में विकसित करने को लेकर भी विचार विमर्श किया गया।

### गुड सेमेरिटन योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश

सड़क दुर्घटना पीड़ितों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर मौतों को रोकने के लिए ग्राम पंचायत, नगर पंचायत एवं जिला स्तर पर शासन की गुड सेमेरिटन योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। यह एक ऐसी योजना है जो सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने वालों को प्रोत्साहित करती है। इस योजना के तहत, जो कोई भी सड़क दुर्घटना के घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाता है, उसे 5,000 रुपये का पुरस्कार दिया जाता है। शासन द्वारा इस राशि को बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसके तहत सड़क दुर्घटना में पीड़ित को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर पुलिस को सूचना देनी होती है और योजना के तहत पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आवेदन करना होता है।

### मवेशियों के कारण घटित दुर्घटनाओं का करें प्रबंधन

सड़कों पर बैठे आवारा मवेशियों के कारण घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए स्थानीय निकायों के माध्यम से मवेशियों की सींगों पर लाल रंग का रेडियम लगवाने के निर्देश दिए गए।

**बैठक में उपस्थिति** - जिला सड़क सुरक्षा की बैठक में प्रभारी अपर कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी, उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री आर.पी.चौबे, कार्यपालन यंत्री पी.डब्ल्यू.डी. एवं समिति के सचिव श्री आकाश खरे, जिला आपूर्ति अधिकारी और अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, सड़क संबंधी विभागों, एम.पी. वेयरहाउस, आयुक्त नगर निगम व सीएमएचओ कार्यालय सहित संबंधित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे और उन्होंने यातायात सुधार के लिए विभिन्न सुझाव भी दिए।

## दो हाईस्कूलों में बिजली कनेक्शन लगाने कलेक्टर ने दिए निर्देश



**पांढुर्ना।** विकासखंड के ग्राम बनगाव और रजाडी पीपला की हाईस्कुलों में बिजली कनेक्शन ना होने के कारण सैकडों विद्यार्थियों को गत बरसों से हो रही परेशानी का मुद्दा सामने आने के बाद कलेक्टर अजय देव शर्मा ने तत्काल कनेक्शन दिए जाने के निर्देश जिला शिक्षाधिकारी और बिजली विभाग को जारी किए। इसके साथ ही दोनों विभागों के अधिकारियों को नोटिस जारी कर पूछा गया कि यह मामला अब तक टीएल बैठक में क्यों नहीं रखा गया। दो सप्ताह के भीतर दोनों स्कूलों में कनेक्शन चालू कराने हेतु कडी हिदायत देते हुए इस कार्य के लिए एसडीएम पांढुर्ना एवं सौंसर को शिक्षा विभाग और बिजली विभाग में समन्वय पर निगरानी रखने को कहा गया। बिजली कनेक्शन मिलते ही दोनों शालाओं की शैक्षणिक गतिविधियों में सुधार होकर छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा, स्मार्ट क्लास रूम और अन्य डिजिटल संसाधनों के प्रयोग का लाभ मिले पाएगा।

## उप संचालक ने किया नंदी गौशाला नौलाझिर एवं पशु चिकित्सालय चांद का आकस्मिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस. पक्षवार द्वारा 22 मई 2025 को नंदी गौशाला नौलाझिर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौ-शाला में 145 गौवंश उपलब्ध पाये गये। गौशाला में पर्याप्त मात्रा में भूसा पाया गया। पानी के टांके में काई जमा थी, जिसे साफ करने के निर्देश दिये गये। गौशाला में गोबर खाद पाई गई जिसे विक्रय किये जाने के निर्देश दिये गये। गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के लिये गौमूत्र से गोनाइल व दवाईयां एवं गोबर से विभिन्न उत्पाद जैसे कंडे, गौकाष्ट का निर्माण किये जाने तथा गर्मी में पशुओं की उचित देखभाल करने के निर्देश भी दिये गये। गौशाला में पर्याप्त मात्रा में पानी की व्यवस्था पाई गई। इसके बाद उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.पक्षवार द्वारा पशु चिकित्सालय चांद का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित पाये गये। उप संचालक डॉ.पक्षवार द्वारा पशु चिकित्सालय चांद की समस्त पंजियों का बारीकी से निरीक्षण किया गया।

# सिंगोड़ी में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव 27 एवं 28 मई को

## स्वाध्याय भवन छिंदवाड़ा में बनी सुंदर रूपरेखा - जोरदार तैयारी प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

आगामी 27 एवं 28 मई 2025 के शुभ दिन मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा के विद्वानों नगरी सिंगोड़ी में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय का दो दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव प्रतिष्ठाचार्य डॉक्टर मनोज कुमार जैन जबलपुर एवं बाल ब्रह्मचारी महेंद्र भैया अमायन, बह्मचारी भाई बहनों, विद्वतजनों, श्रेष्ठिजनों एवं सकल जैन समाज सहित ग्राम वासियों के मंगल सानिध्य में ऐतिहासिक रूप से मनाया जावेगा।जिनशासन सेवक दीपक राज जैन ने बताया कि वेदी प्रतिष्ठा को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए छिंदवाड़ा के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित स्वाध्याय भवन में श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन एवं श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय ट्रस्ट सिंगोड़ी की विशेष बैठक आयोजित की गई ओर 27 एवं 28 मई को सिंगोड़ी में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय की दो दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा की सम्पूर्ण रूपरेखा बनाई गई। जिसमें श्रीजी का विशाल चल समारोह, पूजन विधान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंगल प्रवचनों सहित साधर्मी वात्सल्य सहित अन्य अनुष्ठानों की मुख्यता रही।बैठक में बाल ब्रह्मचारी महेंद्र भैया अमायन, पंडित ऋषभ शास्त्री, मंडल के मंत्री अशोक जैन, फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन, प्रकाश अहिंसा, वर्धमान जैन, सचिन जैन, सिंगोड़ी ट्रस्ट से मन्नूलाल जैन, शिखरचंद जैन, जीतू जैन, रोहित राज जैन सहित बड़ी संख्या में जिनशासन सेवक उपस्थित रहे।सभी ने दो दिवसीय मंगल महोत्सव को ऐतिहासिक रूप से मनाने का निर्णय लिया ओर जोरदार तैयारी प्रारंभ कर सकल जैन समाज सहित नगर वासियों को आमंत्रित किया।27 को निकलेगी श्री जिनेन्द्र शौभायात्रा -श्री जैन ने बताया कि मंगलवार 27 मई को प्रातः 9 बजे से पेट्रोल पंप सिंगोड़ी से श्रीजी की मंगल अगुवानी कर भव्य शौभायात्रा निकाली जावेगी, जिसमें सकल समाज प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान, अंतिम तीर्थंकर शासन नायक महावीर भगवान के मनोहारी जिनबिम्बों के साथ आचार्य भगवन्तों के पावन चरण एवं मां जिनवाणी को लेकर भजन मंडली के साथ नगर का भ्रमण करेगी जिसकी पूर्णता श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय में होगी। जिसे लेकर सिंगोड़ी में सकल जैन समाज सहित विविध सामाजिक संगठनों एवं ग्राम वासियों द्वारा जोरदार तैयारी प्रारंभ है, सभी को इंतजार है दो दिवसीय मंगल महोत्सव को ऐतिहासिक रूप से मनाकर जिनशासन की मंगल प्रभावना करने का।

## शेषाद्री इंडस्ट्रीज की मशीन में महिला के बाल सहित खोपडी की स्कीन उखड़कर जा फंसी

# प्रबंधन ने एक दिन बाद पुलिस को दी सूचना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कल शाम को लगभग 5 बजे नागपुर रोड पर स्थित मेसर्स शेषाद्री इंडस्ट्रीज की रिंग फ्रेम मशीन में एक महिला मजदूर के बाल फंस गए जिसके बाद दुर्घटना में महिला के बाल सहित खोपडी की स्कीन उधडकर मशीन में फंस गई। मशीन और आजू बाजू की जगह महिला के बहते खून से लथपथ हो गई। इसके बाद मिल प्रबंधन घायल महिला को आनफानन स्थानीय अस्पताल में ले गया जहां उसे गंभीर बताकर नागपुर रिफर कर दिया गया। घायल महिला की हालत अब भी काफी चिंताजनक बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल महिला का नाम लक्ष्मी पाठे आयु 40 है जो वर्तमान में पांढुर्ना में निवास करती है। जानकारी मिली है कि कल हुई इस दुर्घटना की जानकारी इंडस्ट्रीज प्रबंधन ने बडचिचोली पुलिस चौकी में सूचना आज दी। मेसर्स शेषाद्री इंडस्ट्रीज में टी शर्ट और धागा बनता है जिसके लिए यहां बडी मशीनें स्थापित की गई है।

बताया गया कि महिला लक्ष्मी पाठे रिंग फ्रेम मशीन पर धागा लपेटने का काम करती थी। ना जाने कैसे महिला के बाल मशीनं में फंस गए और फिर उसकी खोपडी की स्कीन निकलकर मशीन जा फंसी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नागपुर में भर्ती लक्ष्मी पाठे नामक घायल मजदूर महिला की हालत काफी चिंताजनक है।


## तहसील तामिया, जिला छिंदवाड़ा

(पंजीयन क्रमांक 255, दिनांक 15/11/1976)

क्रमांक /आमसभा / 2025/ दिनांक 20/05/2025

**-:: विशेष साधारण आमसभा की सूचना ::-**

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित तामिया के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की विशेष साधारण आमसभा दिनांक 06/06/2025 दिन शुक्रवार को समय दोपहर 11:30 बजे समिति कार्यालय भवन तामिया में आयोजित की गयी है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। कोरम के अभाव में बैठक आधे घंटे के लिये स्थगित की जाकर पुनः इसी स्थान पर प्रारंभ की जावेगी, जिसमें कोरम की आवश्यकता नहीं होगी।

**-: विषय सूची निम्नानुसार है :-** संस्था की पंजीकृत उपविधि कंडिका (3) में संस्था के कार्यक्षेत्र के ग्रामों में से 32 ग्राम में से बिजोरी, पाण्डुपिपरिया, राजधरी, जूनापानी, बांसडोंगरी, भोडियापानी, बखारी, दलेल, खड़ुआ, जैतपुर, बम्होरी, आमाढाना, सिधौली, उमरवाह, सातलवाह, गैलडुब्बा, कर्रापानी, घानाकोड़िया, कारेआम रातेड, बांकी, आलीवाड़ा, बीजाढाना. लिंगा, बटकीढाना, बुलनिया, साजकुही, खमराजेवू, धुर्वाढाना, कुण्डाली, मानकादेही, काजरा एव लहगडुआ को पृथक कर नवीन प्रस्तावित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या० बिजोरी के गठन हेतु संशोधन बाबद विचार।

| क्र. | वर्तमान शब्दावली | संशोधित शब्दावली | संशोधन का कारण |
|---|---|---|---|
| 1 | **निम्नलिखित राजस्व गांव (ग्रामों) पंचायत (तो) में सोसाइटी का संचालन कार्यक्षेत्र होगा।** तामिया, डुण्डिशिखर, बिजोरी, पाण्डुपिपरिया, राजधरी जूनापानी, बांसडोंगरी, मोडियापानी, बखारी, दलेल, खड़ुआ, जैतपुर, बम्होरी, आमाढाना, सिधौली, उमरवाह, सातलवाह, गैलडुब्बा, कर्रापानी, घानाकोडिया, कारेआम रातेड, बांकी, आलीवाड़ा, बीजाढाना, लिंगा, बटकीढाना, दुलनिया, साजकुही, खमराजेवू धुर्वाढाना, कुण्डाली, मानकादेही, काजरा, लहगडुआ, मुतौर, इटावा, धोबीवाड़ा, धगड़िया, गोनावाडी, झीलपिपरिया, धूसावानी, राजढाना, बीजाढाना, जमुनिया, मोयापानी, डोब, हिर्री | **निम्नलिखित राजस्व गांव (ग्रामों) पंचायत (तो) में सोसाइटी का संचालन कार्यक्षेत्र होगा।** बिजोरी, पाण्डुपिपरिया, राजधरी, जूनापानी, बांसडोंगरी, मोडियापानी, बखारी, दलेल, खड़ुआ, जैतपुर, बम्होरी, आमाढाना, सिधौली, उमरवाह, सातलवाह, गैलडुब्बा, कर्रापानी, घानाकोड़िया, कारेआम रातेड, बांकी, आलीवाड़ा, बीजाढाना, लिंगा, बटकीढाना, दुलनिया, साजकुही, खमराजेतू, धुर्वाडाना. कुण्डाली, मानकादेही. काजरा, लहगडुआ | प्रस्तावित नवीन बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या, बिजोरी, का गठन प्रस्तावित होने के कारण। |

## सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस कर रही है कार्रवाई

# सौंसर में एक साथ दो जगह पर चोरों ने बोला धावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

चोरों ने सौसर नगर में शुक्रवार की रात्रि दो जगह पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया, मोहगांव मार्ग के मोबाइल शॉप में चोरी करने के बाद चोरों ने दूसरी एक जगह पर पड़ोसियों के चिल्लाने के द्वारा खाली हाथ ही कर भाग निकले, कहां जा रहा है कि पुलिस के द्वारा दो मोटरसाइकिल पर सवार चोरों का रामाकोना तक पीछा किया गया,पुलिस के द्वारा पीछा करने के दौरान बड़ा ट्रक सामने आने के चलते चोर हाथ नहीं लग पाए है।

मिली जानकारी के अनुसार चोरीयो की वारदातें सौसर नगर में फिर से शुरू हो गई है,शुक्रवार की रात्रि 2:30 बजे के लगभग चोरों के द्वारा बिना शटर का ताला तोड़े ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया है,चोरों ने यहां पर 8 मोबाइल और 1800 रुपए नगद पर हाथ सफाई की है। मोबाइल शॉप संचालक शुभम घोड़मारे को सुबह चोरी की जानकारी मिलने के बाद में शिकायत सौसर थाने में की गई,दूसरी वारदात को अंजाम नगर के व्यस्ततम इलाके सिनेमा चौक में एक किराना दुकान पर चोरों ने देने का प्रयास किया परंतु पड़ोसी के चिल्लाने के बाद में चोर मोटरसाइकिल लेकर भाग निकले है। शनिवार को सुबह जानकारी मिलने के बाद में पुलिस टीम के द्वारा मोबाइल शॉप की दुकान में पहुंचकर कार्यवाही की है, कहां जा रहा है कि मोहगाव मार्ग एवं सिनेमा टॉकीज चौक परिसर में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे में दो मोटरसाइकिल पर 4 चोर सवार होकर आए थे, जिसको लेकर अब पुलिस के द्वारा चोरों को लेकर पतासाजी की जा रही है, नगर वासियों के द्वारा हो रही चोरियों को देखते हुए अब रात्रि के समय में कष्ट बढ़ाने की मांग की जा रही है।



### सौंसर में 28 मई से जीवन शिक्षण सुसंस्कार शिविर

**सौंसर।** श्री गुरुदेव सेवा मंडल केंद्रीय समिति सौसर की ओर से जीवन शिक्षण सुसंस्कार शिविर का आयोजन श्री छत्रपति शिवाजी प्ले स्कूल में 28 मई से 4 जून तक किया जा रहा है। आयोजन कमेटी से मिली जानकारी के अनुसार मुख्य मार्गदर्शन सुबोध दादा के नेतृत्व में आयोजन किये जा रहे है।28 मई बुधवार को सुबह 5:00 बजे पूर्व विधायक रामराव महाले गुरुजी के हस्ते शुभारंभ किया जाएगा, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदीप ठाकरे, रहेंगे। शिविर के दौरान अध्ययन,बौद्धिक सत्र, ध्यान, प्रार्थना, भजन, भाषण, संस्कार राष्ट्र संत तुकडोजी महाराज समग्र साहित्य शिक्षण, साधना, व्यक्तित्व विकास, श्रमदान,आदर्श दिनचर्या, आदर्श शास्त्र, योग प्राणायाम, सूर्य नमस्कार,लाठी काठी, ढाल तलवार, कराते, आदि के संबंध में जानकारी मार्गदर्शन दिया जाएगा,शिविर के दौरान विशेष सत्र में डॉ प्रमोद मालवे के द्वारा योग प्राणायाम, मधुकर गायकवाड कैरियर गाइडेंस, पी के एस गुरुवे श्रद्धा निर्मूलन,हभप प्रभाकर भुसारी महाराज ग्राम गीता पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

## 20 दिवसीय निशुल्क समर कैंप का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर के शासकीय श्री नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव में आयोजित 20 दिवसीय निशुल्क समर कैंप का समापन हुआ इस कैंप का आयोजन लोक शिक्षण संचनालय भोपाल के आदेश अनुसार विद्यालय प्राचार्य सी एस दीक्षित के मार्गदर्शन में किया गया जिसमें शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय एवं शासकीय श्री नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव के छात्र-छात्राओं के साथ अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया वही कैंप में विद्यालय की शिक्षिका विभा कुशराम दीप्तिका शर्मा एवं धर्मेंद्र मालवीय द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को योग व्यायाम आर्ट एंड क्राफ्ट ड्राइंग मेहंदी स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी डेवलपमेंट सहित जुंबा एक्सरसाइज का प्रशिक्षण दिया गया एवं छात्र-छात्राओं के प्रतिदिन स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई निशुल्क समर कैंप में लगभग 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## थांगता नेशनल कोच ट्रेनिंग के लिए मणिपुर रवाना हुए योगेश रुखमांगद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

थांगता फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित नेशनल कोच,टेक्निकल, ऑफिशल ट्रेनिंग सेमिनार का आयोजन मणिपुर इंफाल में 27 से 30 मई तक किया गया है इस ट्रेनिंग सेमिनार में नेशनल लेवल पर जुन्नारदेव शहर से जिले के पहले योगेश रुखमांगद नेशलन कोच की ट्रेनिंग प्राप्त करेंगे। योगेश ने संक्षिप्त जानकारी देते हुए बताया कि थांगता मार्शल आर्ट्स खेल की उत्पत्ति हमारे भारत के मणिपुर राज्य के इंफाल से हुई आज मार्शल आर्ट्स के खेलो में थांगता भारत का सबसे विकसित खेल माना जाता है यह खेल आज गवर्नमेंट मिनिस्ट्री से मान्यता प्राप्त है। आज इस थांगता मार्शल आर्ट खेल को स्कूलों गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया,सी.बी.एस.ई स्कूल गेम,खेलों इंडिया,यूनिवर्सिटी गेम्स में शामिल कर खिलाड़ियों को खेलने हेतु विभिन्न स्तरों पर अवसर प्रदान करता है। योगेश रुखमांगद के लगातार थांगता मार्शल आर्ट खेल के प्रति मेहनत और समर्पण को देखते हुए मध्य प्रदेश थांगता एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी शिवेंद्र सिंह परमार द्वारा चयन किया गया। इस नेशनल कोच ट्रेनिंग सेमिनार में सफलता प्राप्त करने हेतु आई मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स अकादमी के फाउंडर शंकरराव रुखमांगद,अध्यक्ष निलेश शुक्ला,उपाध्यक्ष नितिन राजोरिया,भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी,ट्रबल विभाग डी.एस.ओ कप्तान अनुरोध शर्मा,जनपद पंचायत सी,ई,ओ श्रीमति रश्मि चौहान,अपील समिति सदस्य संजय जैन,पार्षद अमित यादव,दीप्ति साहू,सीमा चौरसिया ने उज्जवल भविष्य की कामना कर आशीर्वाद प्रदान किया।

## भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत नवेगांव ग्रामीण क्षेत्र में भारतीय सेना के सम्मान में एक भव्य पैदल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रभक्ति पूर्ण आयोजन में सैकड़ों ग्रामीण, युवा, किसान, व्यापारी, समाजसेवी, मातृशक्ति एवं सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। यात्रा की शुरुआत गाँव के मुख्य चौराहे से हुई, जो पूरे गांव से होती हुई एक जनजागरूकता संदेश के रूप में गुज़री। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम्" जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण को देशभक्ति से भर दिया।इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय सेना के शौर्य, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के प्रति सम्मान प्रकट करना एवं युवाओं में राष्ट्रप्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को जागृत करना था।

इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से:भारतीय सेना से मनीराम जी नेतराम जी अमर जी सुनील ठाकुर जी जिला भाजपा उपाध्यक्ष योगेश साहूजनपद अध्यक्ष श्रीमती सविता भोसममण्डल अध्यक्ष भूषण सूर्यवंशीकिसान मोर्चा जिला महामंत्री सीपतराम यदुवंशीवरिष्ठ नेता निर्मल मजूमदार कृष्ण कुमार श्रीवास्तव शिव कुमार अग्रवालदमुआ नगर अध्यक्ष सोनू पाटिल, जिला पंचायत सदस्य अरुण परतेमण्डल महामंत्री होरीराम यदुवंशी राजेश कुशराममण्डल उपाध्यक्ष श्रीमती मीना उइके, मोहन यदुवंशी, माखन यदुवंशी, मुलेश्वर यदुवंशीमण्डल मंत्री दौलतराम यदुवंशीअन्य प्रमुख ग्रामीणजन जैसे रामनाथ यदुवंशी, जगदीश यदुवंशी, सुखदेव यदुवंशी, सुरेश यदुवंशी सहित ग्राम पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं समाजसेवी व्यपारी बंदु किसान भाई एवम मातृशक्ति उपस्थित रहे।

### श्री शनि जयंती महोत्सव 26 को

**दमुआ।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री शनि जयंती के अवसर पर श्री श्री शनि मंदिर तीन पुलिया नंदौरा दमुआ में श्री रामसत्ता इक्का भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है रामसत्ता का कार्यक्रम 26 मई सोमवार समय दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होकर अखंड रूप से 24 घंटे तक चलेगा एवं 27 मई मंगलवार दोपहर 12 बजे अखंड रामसत्ता का समापन होगा तत्पश्चात शाम 5 बजे अभिषेक,पूजन, पूर्णाहुति के बाद महाप्रसाद भंडारा वितरण किया जाएगा। इस शुभ अवसर पर आप सभी धर्मप्रेमी बंधुओं भक्त श्रद्धालु गण एवं आमजनों से करबद्ध निवेदन है कि इस पावन पुनीत कार्य में तन मन धन से



### 27 मई को बौध्द भिक्खु के समर्थन में सौंपेंगे ज्ञापन

**सौंसर।** 27 मई सोमवार को संविधान बचाओ संघर्ष समिति द्वारा महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन हेतु बि.टी.एक्ट 1949 को निरस्त करने और भंते विनाचार्य की गिरफ्तारी के विरोध में ज्ञापन सौंपा जाएगा,27 मई सोमवार को सुबह 11 बजे वार्ड 11 बुद्ध विहार सौसर से शांतिपूर्ण रैली निकालकर सौसर तहसील कार्यालय में महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा,समिति सदस्यों से मिली के अनुसार बुद्ध पूर्णिमा के दिन बिहार सरकार द्वारा महाबोधि महाविहार बोधगया में पंडित पुजारियों के माध्यम से पूजा पाठ कर बौद्धों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य किया है,साथ ही बौध्दगया में विगत साढे तीन माह से बौध्द भिक्षुओं एवं बौद्ध समुदाय के द्वारा .बी टी एक्ट 1949 को निरस्त कर बौद्धों को उनकी विरासत वापस करने तथा बिहार सरकार द्वारा मनमाने तरीके से भंते विनाचार्य को गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा।

## खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध घाट से निकली जा रही रेत के पांच ट्रैक्टर पर की कार्यवाही

### रेत ठेकेदार द्वारा अवैध घाट से निकलाई जा रही है रेत, क्या प्रशासन करेगा ठेकेदार पर कार्यवाही?

हरिभूमि न्यूज लाँजी।



किरनापुर अंतर्गत आने वाले पीपलगांव खुर्द घाट एवं पौनी घाट से रेट ठेकेदारों द्वारा अवैध तरीके से रेत बिना रॉयल्टी के निकल जा रही थी जिस पर 23 मई को खनिज विभाग वह राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा चिचटोला में इन ट्रैक्टर ट्रालियॉ को पकडक़र रेत परिवहन संबधी दस्तावेज मांगे गये जो कि वाहन मालिको के पास नही होना बताया गया है जिसके तहत 5 वाहनों को जप्ती एवं पंचनामा कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही हेतु पुलिस थाना लांजी में अभिरक्षा में रखा गया है। बतादे कि विगत कई दिनों से रेत के खनन एवं परिवहन को लेकर शिकायतें प्राप्त हो रही थी जिसमें कुछ अस्वीकृत रेत घाटों से तथा बिना रायल्टी के रेत परिवहन आदि को लेकर शिकायत की जा रही थी। वर्तमान में कंपनियों के द्वारा रेत घाट संचालित किया जा रहा है इन कंपनी के द्वारा कौन सी रायल्टी उपयोग मे ली जा रही है, कौन से घाट स्वीकृत है कौन से अस्वीकृत है यह भी देखा जा रहा है। इन्ही सभी विषयो के तहत शायद खनिज विभाग के द्वारा उक्त 5 वाहनों पर कार्यवाही की गई है जिसका पंचनाम आदि तैयार कर वाहनों को पुलिस थाना लांजी में वाहन अभिरक्षा में रखा गया है। विभाग के द्वारा संपूर्ण कार्यवाही कर प्रतिवेदन कलेक्टर बालाघाट खनिज विभाग को सौंपा जायेगा जिस पर जिला कलेक्टर के द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

**क्या प्रशासन रेत ठेकेदारों पर कर पाएगी कार्यवाही:** शासन के नियमाअनुसार जब रेत घाटों का ठेका होता है तब ठेकेदारों को चिन्हित स्वीकृत घाटों कि जानकारी दि जाती है। परंतु ठेकेदारों के द्वारा उन नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए और शासन के राजस्व की चोरी करते हुए अवैध स्वीकृत घाट से गेट पास पर्ची देकर रेत निकली जाती है यह सब जानते हुए भी जिले सहित तहसील के जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी भी आंख मुंदे बैठे रहते हैं जबकि प्रशासन को सबसे पहले रेत ठेकेदार पर कार्यवाही करनी चाहिए जो कि अवैध तरीके से अवैध घाटों से रेट निकालने का कार्य करते हैं। अब देखना यहां लाजमी होगा कि प्रशासन इन पांच ट्रैक्टरों पर ही कार्यवाही करती है कि घाटों की जांच के बाद उन ठेकेदारों पर भी कार्यवाही हो पाएगी या नहीं।

**बिना नंबरो के धडल्ले से दौड़ रहे ट्रैक्टर वाहन:** क्षेत्र में देखा जा रहा है कि वर्तमान में धडल्ले से बिना नंबरो के ट्रैक्टर ट्रॉलियॉ दौड रही है अधिकांश वाहन मालिक यातायात एवं परिवहन नियमों को पालन करते हुये नही दिखाई दे रहे है ना तो ट्रैक्टरों में रजिस्ट्रेशन क्रमांक लिखा रहता है और ना ही ट्रॉलियों में जबकि नियमानुसार जो भी ट्रैक्टर ट्रालिया होती है उनमें बकायदा रजिस्ट्रेशन नंबर होनी चाहिये ट्रैक्टर में अलग और ट्रालियों मे अलग तभी आप व्यवसायिक उपयोग में ट्रैक्टर ट्रॉली ले सकते है लेकिन लांजी में नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए तेज रफतार में दौड रहे अधिकांश ट्रैक्टर ट्रालियों में वाहन क्रमांक नही दिखाई देते तथा ये ट्रैक्टर ट्रॉली धडल्ले से रेत भरकर तेज रफतार में दौडते हुये देखे जा सकते है। इन सभी ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर नियमानुसार कार्यवाही परिवहन विभाग के द्वारा की जानी चाहिये।

### गांव-गांव में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से करेंगे जन जागरूक - सुरेंद्र भगत

## जन अभियान परिषद ने निकाली जन जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज कटंगी।




कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखण्ड कटंगी द्वारा गठित नगर विकास प्रस्फुटन समिति और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम संचालित समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत शहर में जन जागरूकता लाने के लिए जागरूकता रैली निकाली. वार्ड नंबर 3 से जल है तो कल है, जल ही जीवन है के नारों के साथ जन जागरूकता रैली निकाली गई और जनपद पंचायत कटंगी के परिसर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया. जिसमें जल के संरक्षण और संवर्धन के लिए जन जागरूकता कैसे करें. इस विषय पर काफी विस्तार से चर्चा की गई. जिसके बाद समस्त सामाजिक कार्यकर्ताओ को ब्लॉक समन्यक सुरेंद्र कुमार भगत ने शपथ दिलाई. ब्लॉक समन्वयक ने संगोष्ठी में जल है तो कल है विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि हमें आने वाले समय के लिए जल के विभिन्न स्थानों जैसे कुआं बावड़ी तालाब आदि को बचाने के लिए हम सभी को मिलकर सामूहिक सहभागिता और स्वैच्छिक भाव से प्रयास करना होगा. हमें जल की महत्वत्ता सभी ग्रामीण जनों के साथ आपस में चर्चा संवाद कर और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से साझा करना चाहिए।

उन्होंने कहा मध्यप्रदेश शासन द्वारा जगह-जगह जल संरक्षण और संवर्धन के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. इसी प्रकार हमें भी अपने गांव-घर, परिवार और मोहल्ले के लोगों को जागरूक करना होगा. जल संरक्षण करने के लिए सोख्ता गड्ढा बनना, जल स्त्रोतों की साफ सफाई करना, जल संरक्षण निर्माण करना, बोरी बंधान करना, पानी व्यर्थ ना बहे इसलिए जन जागरूकता कार्यक्रम करना चाहिए. सुरेन्द्र भगत ने कहा कि हमारे द्वारा जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, जन अभियान परिषद द्वारा अनेक प्रकार के जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं. जिसमें आप सभी का सहयोग मिलता रहता है पहले के समय जल स्तर अच्छा था तो हमें पानी की समस्या नहीं थी परन्तु आज हमें पीने के पानी के लिए संघर्षरत रहना पड़ता है हम सभी लोग मिलकर पानी बचाना सीखे इसलिए हमने सांकेतिक सामूहिक श्रमदान के माध्यम से गांव के बीच स्थित तालाब कि साफ सफाई कि गई जो इस भीषण गर्मी में गांव के जलस्तर को बनाए रखने और पशु पक्षियों के पीने के पानी के लिए जो बहुत आवश्यक है।

### हर्रानाला में बोरी बँधान के साथ जल संरक्षण की ली गई शपथ

**बालाघाट ।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान की क्रियात्मकता निरंतर बरकरार है। जन अभियान परिषद विकासखंड बैहर सेक्टर क्रमांक 1 नरसिंह टोला में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शिव घाट में 85 बोरी से बोरी बंधान एवं जल संरक्षण की शपथ कराई गई। जल गंगा सवर्धन अभियान का प्रमुख उदेश्य जल संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करना व जल स्त्रोतों के रख रखाव प्रति आम जन को जागरूक करना है। नदियाँ देव स्वरूपा होती है हम इसमे आते जाते कचरा न डाले हमेशा इसे स्वच्छ व निर्मल रखें जल है तो कल है जल ही जीवन है। श्रमदान कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के परामर्शदाता श्री सुरेश यादव शिवनाथ यादव जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष राजीव परते मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र अभय यादव अर्पिता अविका नवांकुर संस्था के राजेन्द्र बिसेन एवं नगर जन की सहभागिता रही।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार एंव आरटीआई जागरूकता संगठन द्वारा लगातार बनाए जा रहे पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज लाँजी।

राष्ट्रीय मानवाधिकार एंव आर, टी, आई, जागरूकता संगठन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांगेश भाटी के निर्देश पर एवं महिला सेल जिला बालाघाट अध्यक्ष श्रीमति सुनिता बसोने की अनुशसा पर सुषमा खानोकर को जबलपुर संभाग अध्यक्ष मीडिया प्रकोष्ट ,मंसारामभीवराम आसोले को जिला अध्यक्ष बालाघाट आर, टी,आई प्रकोष्ट , तेजलाल लिल्हारे को ब्लाक अध्यक्ष जिला बालाघाट आर, टी,आई प्रकोष्ट तथा मोरेश्वर बसेना को ब्लाक उपाध्यक्ष आर, टी, आई प्रकोष्ट पर डा, मनोज बात्री संरक्षक मध्य प्रदेश एंव प्रभारी राष्ट्रीय महामंत्री राष्ट्रीय मानवाधिकार एंव आर, टी, आई, जागरूकता संगठन भारत कार्यालय सिवनी म, प्र,द्धारा दिनाँक 20 मई को मनोनीत किया गया ।मध्यपदेश के सभी पदघिकारीयो की ओर से बधाई देते हुई सभी नवनिर्वाचित पदधिकारीयो को निर्देशित किया गया कि संस्था की गरिमा बनाये रखते हुए गरीबो एंव असाह व्याकितयो की सरकारी सहायता को ज्ञात कराते हुए उनकी मदद करते हुए संस्था के उध्देशो को पूर्ण करते हुए पुरानी कुरूतियो को मिटाते हुए जैसे बाल विवाह , दहेज प्रथा ,भ्रक्ष्ट्राचार ,एव अपराधो महिलाऐ के साथ हो रहे आत्याचार एंव शोषण पर सरकारी पदधिकारीयो का साथ लेकर एवं साथ देकर लगाम लगा लगाने का कार्य करें।

## लाँजी विकासखण्ड के ऐडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भनेगांव से 7 छात्रों का सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में हुआ चयन

**हरिभूमि न्यूज लाँजी।** जहां चाह, वहां राह! कहते हैं, अगर कोई चीज लगन और मेहनत से किया जाए, तो निश्चित ही उसमें सफलता मिलती है! शिक्षक राष्ट्र का निर्माता होता है एक विद्यार्थी के जीवन में शिक्षा एक ऐसा प्राणी होता है, जो अपने ज्ञान, धैर्य, डांट प्यार और देखभाल से उसके पूरे जीवन को एक मजबूत आकार देता है!वंही मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले के लाँजी विकासखंड के ऐडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भनेगांव के संचालक आशाराम कुशले जो अपने अध्यापन कार्य बहुत अच्छे तरीके से करवाने के अलावा अन्य सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका होने के साथ गांव एवं क्षेत्र के गरीब होनहार बच्चों को शाला समय के अतिरिक्त प्राथमिक स्तर के बच्चों की नीव को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ते।इसी का परिणाम हैं कि लांजी विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ऐडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भनेगांव से सैनिक स्कूल परीक्षा 2024 25 के लिए 7 विद्यार्थियों का चयन हुआ जिसमें सिद्धांत गोस्वामी, श्रेष्ठ मेंढेकर, मोक्छ बारबूधे, रुचिका बोम्बारडे, सत्येंद्र सिंग कालबेले, चित्रांश दुरुक्कर, सुहानी कालबेले,उपरोक्त बच्चों के चयन होने पर शाला प्रबंधन समिति एवम ग्रामीणों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इसके पूर्व भी एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल से नवोदय के लिए 43 बच्चों का चयन हुआ था एवं इंस्पायर अवार्ड के लिए भी 6 बच्चों का चयन हुआ है, वही बच्चों के द्वारा कंपटीशन एग्जाम में अपना एक अच्छा रिजल्ट देकर अपने बालकों का एवं शिक्षकों सहित स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं । वही देखा जाए तो एडवेंचर पब्लिक स्कूल भानेगांव शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाते हुए आगे निकलते नजर आ रहा है।




## बाघ देव मंदिर के पास हुआ भीषण कार हादसा

### एक ही परिवार के चार सदस्य घायल

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटेधरा से खवासा मुख्य सड़क मार्ग पर तिरोड़ी थाना क्षेत्र में बाघ देव मंदिर के पास भीषण सड़क हादसा हुआ है. एक तेज रफ्तार कार क्रमांक एमएच 43 एबी 6189 सड़क से नीचे उतरकर सीधे पेड़ से जा टकराई. हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं. जिन्हें सरकारी अस्पताल कटंगी में प्राथमिक उपचार देने के बाद रेफर किया गया है, सभी घायल बेहतर उपचार के लिए नागपुर गए है. मिली जानकारी अनुसार यह सड़क हादसा शनिवार की दोपहर करीब 3 बजे के आसपास हुआ है. हादसे में नागपुर निवासी मनोज पिता देवीलाल भट्ट उम्र 38 वर्ष, यशोदा पति देवीलाल भट्ट उम्र 60 वर्ष, छबिलाल पिता हत्तुराव उम्र 70 वर्ष और सूरज पिता छबिलाल उम्र 40 वर्ष घायल हुए हैं. मनोज भट्ट के सिर पर गहरी चोट आई है. घायलों को संजीवनी 108 की मदद से सरकारी अस्पताल कटंगी पहुंचाया गया जहां चिकित्सक डॉ विनोद भलावी ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया. घायलों ने बेहतर उपचार के लिए नागपुर जाने का निर्णय लिया है. फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि यह सभी लोग कहां गए हुए थे और कहां जा रहे थे. सरकारी अस्पताल कटंगी से मिली तहरीर के आधार पर कटंगी पुलिस ने डायरी तैयार कर तिरोड़ी पुलिस को भेजने की तैयारी की है।

## खबर संक्षेप

### अनुसूचित जनजाति वर्ग के खिलाडी छात्रों के चयन के लिए आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के निर्देशानुसार विकासखंड कुरई अंतर्गत खेल परिसर कुरई में सत्र 2025-26 के लिये अनुसूचित जनजाति खिलाडी छात्रों का चयन किया जाना है। जिसमें कक्षा छटवीं से कक्षा नवमीं तक के विद्यार्थी खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कक्षा नवमीं के बाद के खिलाडी का चयन राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खेल परिणाम के आधार पर किया जाना है। मिनी समूह में 11 से 14 वर्ष के खिलाडियों को, जूनियर समूह में 14 से 16 वर्ष खिलाडियों को एवं 16 से 18 वर्ष के खिलाडियों को सीनियर समूह में रख कर चयन किया जाना है।
उन्होंने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 10 जून 2025 तक निर्धारित की गई है। चयन प्रकिया 15 जून से 25 जून तक की जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी एवं पालक कार्यालयीन समय प्रातः 11 बजे से शाम 05 बजे तक आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

### पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा बताया गया कि पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत एमपीटास पोर्टल पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिये नवीन/नवीनीकरण आवेदन 31 मई 2025 तक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी समय-सीमा में एमपीटास पोर्टल पर अपना आवेदन कर सकते हैं।

### डीएलएड प्रथम वर्ष विषय संज्ञान अधिगम और बाल विकास की परीक्षा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित डी.एल.एड. प्रथम वर्ष की परीक्षा दिनांक 23 मई 2025 को विषय संज्ञान अधिगम और बाल विकास की परीक्षा जिले के 01 परीक्षा केन्द्र में व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुई। माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित डी.एल.एड. संज्ञान अधिगम और बाल विकास विषय की परीक्षा में दर्ज 530 विद्यार्थियों में से 527 उपस्थित तथा 03 अनुपस्थित पाये गये। वहीं नकल प्रकरण निरंक रहा। जिला स्तर पर परीक्षा के व्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला एवं खण्ड स्तर पर उड़न दस्ता दलों द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें सभी केन्द्रों में परीक्षा निर्विघ्न एवं सुचारू रूप से संचालित पाई गई।

### मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत नवीन आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी में युवाओं के लिये स्वयं का उद्योग सेवा व्यवसाय स्थापित करने के लिये मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का वर्ष 2025-2026 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु samast.mponline.gov.in में ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

# गौ वंश तस्करों की अब खैर नहीं, चप्पे चप्पे पर रहेगी निगरानी, प्रशासन हुआ अलर्ट

**कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देशों के परिपालन में गौ वंश वध की रोकथाम के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिसमे अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सिवनी, अनुविभागीय अधिकारी, दक्षिण वनमण्डल सिवनी, तहसीलदार सिवनी, थाना प्रभारी कोतवाली, थाना प्रभारी डूंडासिवनी, थाना प्रभारी लखनवाड़ा, थाना प्रभारी कान्हीवाड़ा, थाना प्रभारी बण्डोल, राजस्व निरीक्षक नजूल, राजस्व निरीक्षक सिवनी नगरीय, राजस्व निरीक्षक सिवनी भाग-1, राजस्व निरीक्षक बण्डोल एवं सिवनी शहर पटवारी उपस्थित रहे एवं बैठक में गौ वंश वध की रोकथाम हेतु निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

#### ग्रामों के इंटीरियर क्षेत्रों की सूची बनाकर लगातार पेट्रोलिंग करने निर्देश

बैठक में निर्णयानुसार गौ वंश वध की रोकथाम किये जाने हेतु अनुभाग सिवनी के सभी ऐसे क्षेत्र जहां पर गौ वध किये जाने की घटना होने की संभावना है उन स्थानों तथा उन ग्रामों से कनेक्टेड रूट की सतत मॉनिटरिंग किये जाने तथा माईक्रो बीट प्रभारी अपने ग्रामों के इंटीरियर क्षेत्रों की सूची बनाकर लगातार पेट्रोलिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी तरह चिन्हांकित अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की भी अतिरिक्त निगरानी तथा पेट्रोलिंग किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
बैठक में पूर्व गौ वंश वध अपराधियों की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 126, 135, 129 के तहत अंतिम बंध पत्र निष्पादित कराए जाने के निर्देश दिये गए हैं। सभी थाना प्रभारीयों को निर्देशित किया गया कि शीघ्र की समस्त ग्रामों में नये मुखबिर बनाया जाये मुखबिरों से गौ वध की घटना संबंध में समय समय पर जानकारी लेते रहें।

#### मवेशी बाजारों की सूची तैयार करे तथा हर मार्केट की मॉनीटरिंग करें की मवेशी कहां से लाये जा रहे

थाना प्रभारी अपने कार्य क्षेत्रों के सभी कोटवारों एवं फॉरेस्ट चौकीदारों की बैठक आयोजित की जावे। इसी तरह सभी मवेशी बाजारों की सूची तैयार करे तथा हर मार्केट की मॉनिटरिंग करें की मवेशी कहां से लाये जा रहे एवं ब्रिकी के पश्चात मवेशियों को कहां ले जा रहा है जिसकी जानकारी एकत्रित करें तथा गायों की खरीदी बिकी पर ईद तक प्रतिबंध लगाया जाये। सभी कोटवारों से प्रत्येक गांव में कहीं भी कोई गौ वंश वध की घटना तथा घटना की तैयारी हो उसकी जानकारी देने वालो को ईनाम दिये जाने की मुनादी कराई जावे। पठ प्रतियोगिता के नाम पर मवेशियों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जावे तथा टोल नाका से समय समय पर इस बात की जानकारी ली जावे की क्या कोई व्यक्ति के द्वारा मवेशी वाहन टोक नाका से निकला है अथवा नहीं। प्रतिदिन की सूची तैयार की जावे। सभी थाना प्रभारी एक दूसरे के समीवर्ती थाना प्रभारी से सतत संपर्क में रहे तथा गौ वंश वध के संबंध में कोई भी जानकारी प्राप्त हो तो उन्हे एक दूसरे को उसकी सूचना दिया जावे। गौ वंश वध की रोकथाम हेतु अपने अपने स्तर पर रणनीति बनाई जावे तथा युद्ध स्तर पर इसे रोकने की तैयारी की जावे कि।

## 31 वर्षीय युवती से शादी का प्रलोभन देकर किया दुष्कर्म एफआईआर दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

बंडोल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी 31 वर्षीय युवती के साथ शादी करने का आश्वासन देकर दुष्कर्म करने और अपने रिश्तेदार के साथ अमरवाड़ा में पीड़िता को बंधक बनाकर दूसरी युवती से शादी करने की शिकायत पीड़ित युवती ने पुलिस थाना में दर्ज कराई है। वहीं शिकायत के लगभग 15 दिन बाद भी पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से परेशान पीड़िता ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आरोपितों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई किए जाने की मांग एसपी से की है।
पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि शरद कुमरे द्वारा शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाया फिर शादी करने से मुकर गया। पुलिस में 69 बीएनएस का अपराध घटित होना पाया। पीड़िता ने बताया कि शरद कुमरे से 2012 से जान पहचान बनी। शादी करने की बात पर वह कुछ भी बहाना बता कर टालमटोल करने लगा। 18 अप्रैल 2025 को अंतिम बार शरद कुमरे का किराए का मकान जो बस स्टैंड अमरवाड़ा में है वहां बुलाया वहां भी दुष्कर्म किया और शादी करने की बात पर मुकर गया।

# नई रेल व यात्रियों की सुविधा बढ़ाने की मांग

## रेल्वे विकास समिति ने डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

**जिला मुख्यालय सिवनी से रेलो के विस्तार को लेकर एवं यात्रियों की सुविधाओं के लेकर ज्ञापन सौपा गया है दक्षिण पूर्व रेल्वे मंडल नागपुर के डीआरएम को एवं स्टेशन मास्टर के माध्यम से सिवनी रेल विकास समिति ने मांग रखी है।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

समिति के अध्यक्ष घनश्याम सनोडिया सचिव मुनिया टांक कोषाध्यक्ष दीपक पंजाबी, संयोजक विनय सराफ सहित नवेन्द्र मिश्रा मीडिया प्रभारी सत्यम सूर्यवंशी संजू जैन आदि ने अपनी बात रखी है।
धनश्याम सनोडिया ने कहा कि वर्तमान प्लेटफार्म नंबर 1 में लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध कराई जाये। सिवनी का वर्तमान पार्सल लोड 3 टन के आसपास है इसलिए यह सुविधा जल्द प्रारंभ की जाये। दीपक पंजाबी ने कहा कि पंचवैली को सिवनी से चलने हेतु अनुमति प्रदान की जाये, सिवनी से अमला तक सिंगल ट्रेक को डबल किया जाये। विनय सराफ ने कहा कि सिवनी स्टेशन पर वाशिंग वाटर रिफ्युलिंग पाइप लाइन की व्यवस्था हो हमारी आर्थिक राजधानी मुंबई के लिए कोई ट्रेन हमें दी जाये जिससे मल्टी नेशन कंपनी के उत्पादों का व्यापार करना सुगम हो सकें। इसके अतिरिक्त सिवनी से छत्तीसगढ़ तक तथा चित्रकुट के लिए नई ट्रेन प्रांरभ किया जाने की भी मांग की गई है।
जिले वासियों को रेल्वे विस्तार के लिए फिर से मुखर होना पडेगा, तथा अपनी बात चरणबद्ध आंदोलन के माध्यम से रखने के लिए पहल करनी पडेगी सिवनी रेल्वे विकास समिति इस संबंध में चर्चा के उपरांत अपनी रणनीति तैयार करेगी, जिससे आंदोलन को बल मिल और नई ट्रेनों की सौगात मिल सकें।

### दुकानों के सामने गंदगी फैलाने पर नपा ने की 2800 रूपये की गई चालानी कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 23 मई 2025 को मुख्य नगरपालिका अधिकारी विशाल सिंह मर्सकोले के निर्देश पर नगर पालिका स्वास्थ्य विभाग अमले के द्वारा नगर के दलसागर क्षेत्र भगतसिंह वार्ड में शराब की दुकान एवं अन्य क्षेत्रों में निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान दुकानदारों द्वारा गंदगी फैलाने सफाई का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर कुल 2800 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान यह देखा गया कि दुकानदार द्वारा दुकानों के सामने पालीथिन व अन्य सामग्री फेंकी गई है। जिस पर स्वास्थ्य विभाग के अमले स्वच्छता निरीक्षक श राज पवमें, स्वच्छता पर्यवेक्षक सुशांत पांडेय, श अभय बघेल, संबंधित वार्ड प्रभारी निखलेश करोसिया, तुलसी करोसिया, पन्ना बघेल चालानी कार्यवाही के दौरान उपस्थित रहे। एवं उक्त टीम द्वारा दुकानदारों को गंदगी न फैलाने की समझाईश दी।

### एक रोजा एहतेराम इंसानियत कॉन्फ्रेंस जलसा 27 मई को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कान्हीवाड़ा में मकामी जमीयत अहले हदीस आजाद नगर बावनवाडा, मकामी जमीयत कान्हीवाड़ा की रजामंदी से एक रोज एहतेराम इंसानियत कॉन्फ्रेंस 27 मई को पटेल लॉन कानीवाड़ा में होने जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से मौलाना मोहम्मद जरजिस अंसारी, मौलाना अब्दुल अजीम उमरी मदनी साहब का आना होगा जलसे की सरपरस्ती जनाब मुक्तिदार पटेल कान्हीवाड़ा , वसी पटेल नांदी,जनाब अब्दुल अहद आजाद नगर एवं अब्दुल अलीम सिवनी के द्वारा की जा रही है। कार्यक्रम में ख्वातिनो के लिए पर्दे का इंतजाम कमेटी द्वारा किया गया है कार्यक्रम में कई और मेहमान भी शिरकत करेंगे।

### प्रभारी मंत्री श्री वर्मा आज जिलें के प्रवास में रहेंगे

**घंसौर में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में होंगे शामिल**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री करण सिंह वर्मा प्राप्त अधिकृत कार्यक्रमानुसार दिनांक 24 मई रात्रि 09.30 बजे सिवनी पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे।
प्रभारी मंत्री श्री वर्मा रविवार 25 मई को प्रातः 10:45 बजे जिला भाजपा कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे तथा 11: 30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेने के साथ ही जल गंगा संर्वधन अभियान की समीक्षा करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री वर्मा दोपहर 03 बजे घंसौर पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री बाबूलाल गौर की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा शाम 04:30 बजे घंसौर से नरसिंहपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### यूनिवर्सल कंप्यूटर अकादमी मे प्रवेश पत्र वितरण प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** यूनिवर्सल कंप्यूटर अकादमी के भी छात्र छात्राओं को सूचित किया जाता है कि आपके Admit card ( May-June'2025) संस्थान में उपलब्ध है अतः आप संस्थान में ऑफिस टाइम 10:00 am to 4:00 pm के बीच आकार संस्था से अपने Admit card प्राप्त करे । सुरक्षा की दृष्टि से अपने Admit card की फोटो कॉपी और एक कापी अपने फोन पर जरूर रखें ।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए अंशय शर्मा हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सिवनी के इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग उत्तीर्ण छात्र अंशय शर्मा वर्तमान में डिप्लोमा इंजीनियर ट्रेनी के पद पर टाटा मोटर्स ई वी प्लांट सानंद, गुजरात में कार्यरत है। उन्हें उत्कृष्ट कार्य हेतु प्लांट प्रमुख अधिकारी श्री जयदीप देसाई एवं महाप्रबंधक श्री विपुल शाह द्वारा स्पेशल एचिवमेंट प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। महाविद्यालय एवं सिवनी जिले के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है। छात्र अंशय शर्मा टाटा ई वी प्लांट सानंद में पेंट शाप सेंट्रल कंट्रोल रूम का कुशल संचालन कर रहे हैं। इस वर्ष भी 64 छात्र-छात्राए सिगमा इलेक्ट्रिक पुणे कंपनी, 50 छात्र-छात्राए सुब्रोस लिमिटेड गुड़गांव, 22 छात्र-छात्राएं सिएट टायर्स नागपुर, 24 छात्र-छात्राएं कम्मिन्स लिमिटेड पुणे एवं 16 छात्र छात्राएं अदानी सोलर में चयनित हुए हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इंजीनियरिंग डिप्लोमा में प्रवेश हेतु निःशुल्क पंजीयन एवं मार्गदर्शन सुविधा प्रारम्भ है, पंजीयन की अंतिम तिथि 01/06/25 है अतः जिले के दसवी उत्तीर्ण छात्र / छात्राएं शीघ्र पंजीयन कराकर अपना भविष्य उज्जवल बनाए एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आत्मनिर्भर म.प्र. के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक बनें। अधिक जानकारी हेतु प्रातः 10:30 से शाम 5:30 तक शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सिवनी के कक्ष क्रमांक 40 में सम्पर्क करें या http://dte.mponline.gov.in में login करें।

### हाईमास्ट लाईट की सौगात पर विधायक के प्रति सद्भाव ग्रुप ने किया आभार ज्ञापित

**सिवनी**- विधानसभा क्षेत्र सिवनी के ऊर्जावान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने क्षेत्र में खेल के प्रति काफी समर्पित हैं नगर में खेल प्रेमियों की सुविधाओं के लिये खिलाड़ियों को खेल सामग्री की किट व अन्य सुविधाएं मुहैया कराते हुए अब मिशन स्कूल ग्राउंड एवं पालिटेक्निक मैदान में हाईमास्ट लाईट प्रदान कर रहे हैं। जिससे अब खेलों के प्रति हर उम्र के खिलाडियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है लगातार वेटरन क्रिकेट टूर्नामेंट अंतर्गत रात्रिकालीन मैचों का स्तर भी बढ़ता जा रहा है। विधायक द्वारा खेल मैदानों में हाईमास्क लाईट की सुविधा होने से सभी खिलाड़ियों में हर्ष व्यापत है।

## लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जन्म समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ छपारा।

एकादशी के शुभ अवसर पर मां वेनगंगा के तट पर 23 मई को 6:00 बजे भारतीय जनता पार्टी मंडल छपारा व्दारा रानी अहिल्याबाई होलकर जी की 300 वी जन्म जयंती कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन जिला प्रभारी श्री अरुण द्विवेदी जी पूर्व सांसद विधायक श्रीमती नीता पटेरिया जी कार्यक्रम संयोजक श्री जयदीप सिंह चौहान जी की गरिमामयी उपस्थित संपन्न हुआ तत्पश्चात एकादशी के शुभ अवसर पर मां बैनगंगा के पावन रामघाट पर पूजा एवं आरती का आयोजन किया गया। अहिल्याबाई होलकर जी की जन्म जयंती पर पूर्व सांसद विधायक श्रीमती नीता पटेरिया जी ने उनके जीवन परिचय पर विस्तार से प्रकाश डाला इस कार्यक्रम में नगर परिषद की अध्यक्ष उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह सहित वरिष्ठ कनिष्ठ पदाधिकारी माताएं बहने बड़ी

## टमाटर एवं गेंदे की इंटरक्रॉपिंग से महिला कृषक को हुआ दोगुना मुनाफा

**प्रदेश शासन प्रदेश के किसानों की बेहतर आय तथा उनकी फसलों के उचित मूल्य दिलाने के लिए लगातार विभिन्न योजनाओं का मैदानी स्तरपर क्रियान्वयन कर रही है।**



उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से किसानों को उद्यानिकी फसलों को लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिससे किसान भाई बेहतर आय प्राप्त कर सके। शासन के प्रोत्साहन एवं जिले में विभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में सिवनी जिले के किसान बडे पैमाने पर उद्यानिकी फसलों एवं आधुनिक तकनीक को अपना रहे हैं।
जिले के सुदूर अंचल घंसौर विकासखंड के ग्राम खैरीकला की महिला कृषक श्रीमती कविता पटेल उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में व्यवसायिक टमाटर की खेती कर बेहतर आय प्राप्त कर रही हैं। श्रीमती कविता पटेल अपनी 1.000 हेक्टेयर भूमि में हाईब्रिड टमाटर की किस्म साहो की खेती के साथ-साथ ट्रैप क्रॉप के रूप में गेंदा की खेती भी की जा रही है, टमाटर की फसल के साथ गेंदा लगाये जाने से जहां कृषक को गेंदे से अतिरिक्त आय हो रही है वही ट्रैप क्रॉप के रूप में लगाये जाने के कारण टमाटर की फसल को कीडे और बीमारी से भी प्राकृतिक रूप से बचाव हो रहा है। उनके द्वारा टमाटर की खेती में उन्नत उद्यानिकी तकनीक जैसे- ड्रिप, मल्चिंग आदि का प्रयोग कर गुणवत्ता युक्त सब्जी का उत्पादन किया जा रहा है। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की ''पर ड्रॉप मोर क्रॉप'' योजना अंतर्गत ड्रिप संयंत्र स्थापना हेतु श्रीमती कविता पटेल को 57375 रूपये का अनुदान भी प्राप्त हुआ है। श्रीमती कविता पटेल के द्वारा 1 हेक्टर में 440 क्विंटल प्रति हेक्टर से अधिक टमाटर का उत्पादन किया जा रहा है जिसे वे स्थानीय बाजारों में बेचकर 1 हे. से 4.40 लाख रूपये की कुल आय प्राप्त कर रहे है। इसके साथ ही श्रीमती कविता पटेल ने 1 हे. में गेंदे की खेती कर लगभग 2.50 लाख रूपये का मुनाफा कमा रहे है। श्रीमती पटेल विभागीय मागदर्शन में टमाटर एवं गेंदे की इंटर क्रॉपिंग से हुए मुनाफे से अत्यंत प्रसन्न हैं वह अन्य किसानों को भी उद्यानिकी फसलों तथा नवीन तकनीकी को अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

## जिले में 29 मई से 12 जून तक चलेगा "विकसित कृषि संकल्प अभियान"

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सिवनी जिले में भी 29 मई से 12 जून तक "विकसित कृषि संकल्प अभियान" चलाया जायेगा। इस अभियान के दौरान कृषकों को केन्द्र व राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं, कृषि वैज्ञानिकों द्वारा ईजाद की गई नवीन कृषि तकनीकों व नवाचारों की जानकारी दी जायेगी।
यह जानकारी देने के लिये कृषि विज्ञान केन्द्र व अन्य संस्थाओं से जुड़े वैज्ञानिक एवं कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन व कृषि अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी व प्रगतिशील किसान गाँव-गाँव पहुँचेंगे। कलेक्टर महोदया ने उप संचालक कृषि को राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत जिले में इस अभियान को सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित कर अधिकाधिक किसानों को लाभान्वित कराने के निर्देश दिए हैं।
कलेक्टर सुश्री जैन ने निर्देश दिए हैं कि कृषि आधारित योजनाओं व कार्यक्रमों की वीडियो क्लिपिंग तैयार कर अभियान के दौरान किसानों को दिखाई जाए साथ ही अभियान के दौरान किसानों को खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली फसलों से संबंधित आधुनिक व उन्नत तकनीक व कृषि योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी से अवगत कराए। कलेक्टर सुश्री जैन ने कहा है कि अभियान के दौरान प्राकृतिक खेती व फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के प्रयास भी प्रमुखता से किया जाए। अभियान के दौरान कृषि – ड्रोन प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन, धान की सीधी बुवाई पद्धति व सोयाबीन फसल में मशीनीकरण इत्यादि के बारे में जानकारी दी जायेगी। साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गईं विभिन्न फसलों के चयन व संतुलित उर्वरक के उपयोग के लिये भी जागरूक किया जायेगा। इस दौरान किसानों से फीडबैक भी लिया जायेगा।

## मलेशिया में कराते चैंपियनशिप में संस्कार ने जीता मेडल, उमंग फाउंडेशन ने किया सम्मानित

**बरघाट** – गत दिवस मलेशिया क्वांलालमपुर में 25 से 27 अप्रैल तक आयोजित हुई 14वी साइलेंट नाइट कराते प्रतियोगिता आयोजित हुई ,जिसमें संस्कार को ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ। क्षेत्र के संस्कार पटले पिता श्री नंद किशोर पटले ग्राम बिरहोली (आष्टा) निवासी कि इस सफलता पर उमंग फाउंडेशन बरघाट के द्वारा उनके निज निवास पर पहुंचकर स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। अपनी इस सफलता पर संस्कार ने बताया कि कुछ सपने अकेले नहीं देखे जातेहर कदम पर साथ चलता है माँ का आशीर्वाद और पापा का अटूट विश्वास। मलेशिया में हुए 14वी साइलेंट नाइट कराते चैंपियनशिप 2025 में ब्रॉन्ज मेडल जीतना मेरे लिए सिर्फ एक पदक नहीं ये मेरे परिवार का सपना था, जो मैंने अपने देश के तिरंगे के साथ जीता। हर सुबह की कड़ी मेहनत, हर शाम की थकान सब कुछ आज इस एक पल में सार्थक लग रहा है। मेरे गुरुओं शिहांन ओमकार कश्यप और सेंसई राधिका कश्यप को दिल से धन्यवाद देना चाहूंगा जिनकी सीख ने मुझे आज यहाँ तक पहुँचाया।



### निर्धारित लिंक में पंजीयन कर "गिफ्ट अ डेस्क" अभियान से जुड़ सकते हैं नागरिकगण

## 'गिफ्ट अ डेस्क'' अभियानः तहसील कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने 12 शासकीय शाला में गिफ्ट की 120 डेस्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में जिले के शासकीय विद्यालयों की सुविधाओं का उन्नयन कर जन भागीदारी से अध्ययनरत प्रत्येक बच्चे के लिए डेस्क उपलब्ध कराने की मुहिम की जा रही है।
जिसमें सहभागिता करते हुए तहसील कार्यालय सिवनी के अधिकारी-कर्मचारियों ने शासकीय प्राथमिक शाला पतरई में 11, शासकीय प्राथमिक शाला सुकरी में 11, शासकीय प्राथमिक शाला बघराज में 12, शासकीय प्राथमिक शाला औरिया रैयत में 12, शासकीय प्राथमिक शाला आमाझिरिया में 09, शासकीय प्राथमिक शाला मानेगांव में 06, शासकीय प्राथमिक शाला पिपरिया पलारी में 09, शासकीय प्राथमिक शाला मरझोर कातलबोडी में 09, शासकीय प्राथमिक शाला नगझर में 06, शासकीय प्राथमिक शाला लखनवाडा में 08, शासकीय प्राथमिक शाला सोनाडोंगरी में 14, शासकीय प्राथमिक शाला छतरपुर में 13 इस प्रकार गिफ्ट ए डेस्क अभियान के तहत कुल 120 डेस्क प्रदान किया गया। अपने लिए डेस्क पाकर अध्यनरत सभी बच्चों के चेहरे खिल गये। सभी ने नियमित स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही।



उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा जिले के 1367 प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छोटे बच्चों के लिए अनुमानित 20347 डेस्क दानदाताओं से उपलब्ध कराने की "गिफ्ट अ डेस्क" मुहिम चलाई जा रही है। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की जिले के फर्नीचर निर्माताओं के साथ हुई बैठक में फर्नीचर निर्माताओं द्वारा 2200 रूपयें के लागत मूल्य पर ही विद्यालयों में आवश्यकतानुसार गुणवत्तायुक्त फर्नीचर उपलब्ध कराने की सहमति दी गई है।
जिला प्रशासन द्वारा जनप्रतिनिधियों, व्यापारी संघ, सामाजिक संगठनों और गणमान्य नागरिकों से अभियान में शामिल होकर स्वेच्छा से अपनी इच्छानुसार स्कूलों में डेस्क उपलब्ध कराने की अपील की गई है।
गिफ्ट अ डेस्क अभियान से जुड़ने के लिए नागरिकगण https://sites.google.com/view/gift-desk/home पर अपना पंजीयन करा सकते हैं तथा पंजीयन उपरांत जिला स्तरीय कॉल सेंटर से संपर्क किये जाने पर जानकारी उपलब्ध करा सकते हैं। उक्त लिंक पर स्कूलों, आवश्यक डेस्क की जानकारी के साथ ही फर्नीचर निर्माताओं की सूची भी उपलब्ध है।

## सराफा व्यापारी का पीछा कर लूटने का प्रयास, सतर्कता व समझदारी से बचा सराफा व्यापारी

# वारासिवनी में नकाबपोश युवाओं का आतंक



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

नगर में लगातार नकाबपोश अपनी पैठ जमा रहे हैं, जो नगर के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा हैं। पिछले कई वर्षो से नगर के चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मॉग की जा रही हैं, लेकिन अपने भाषणों में क्षेत्र की चिंता करने वाले जनप्रतिनिधियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है और ना ही मुख से कोई स्वर निकल रहा है। ऐसी क्या मजबूरी है कि नगर में किसी प्रकार की गतिविधियॉ को रोकने के लिए ना शासन, ना प्रशासन और ना ही आम नागरिक सीसीटीवी कैमरों की पहल के लिए आगे आ रहा हैं, जिससे आपराधिक घटनाओं को रोकने का प्रयास या अपराधियों तक पहुॅचने का कोई आधार मिल पाए। शायद इसका एक कारण यह भी समझ आता है कि रात्रि में अवैध कार्यो को अंजाम देने पर कही नकेल ना कस जाए। इसलिए सीसीटीवी कैमरे लगाने पर विचार नहीं किया जा रहा हैं। लेकिन इस पहल को जमीनी स्तर पर लाने के लिए किसी को तो समाधान निकालना ही होगा।

### घर जाते समय सराफा व्यापारी का नकाबपोश युवाओं ने किया पीछा

मामला शुक्रवार रात्रि करीब साढ़े आठ बजे का हैं, जब नगर के सराफा व्यापारी सुदेश सोनी के सुपुत्र आयुष सोनी अपनी दुकान बंद कर रोज की तरह अपने गंगोत्री कालोनी निज निवास जाने निकले। उनकी गाड़ी में दुकान का कुछ सामान भी रखा था। तभी उनके पीछे दो पहिया वाहन में सवार चार युवक, जिनके चेहरे ढॅके हुए थे, उनका पीछा करने लगे। आयुष सोनी को जब उनका पीछा करने का आभास हुआ, तो वह तत्काल वापस लौटे और अपनी दुकान के कर्मचारी को फोन कर बुलाया और फिर उसे लेकर घर की ओर रवाना हुए। तो शंकर तालाब की पार पर वह चारों नकाबपोश उन्हें खड़े हुए मिले। लेकिन उनके साथ कर्मचारी होने के कारण उन्होंने आयुष के साथ कुछ भी करने की कोशिश नहीं की। लेकिन यह पूरी घटना उस क्षेत्र के आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। इसी के आधार पर सराफा व्यापारी ने पुलिस को सीसीटीवी की फुटेज सौंपते हुए घटना के संबंध में अवगत कराया हैं।

### दुकान के बाहर की ओर सीसीटीवी कैमरे लगाने की पहल पर नहीं हुआ अमल

इस संबंध में सराफा एसोसियेशन की बैठक हनुमान मंदिर परिसर में हुई। जिसमें इस मामले को लेकर आपस में चर्चा की गई। विदित हो कि कुछ माह पूर्व बालाघाट की एक ज्वेलरी दुकान में हुई घटना के बाद कुछ दिन प्रशासन भी मुस्तैद रहा और थाना प्रभारी अपने बल के साथ सराफा बाजार में पहुॅचे थे और ऐसी घटना को रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे दुकान के सामने की ओर लगाने की बात व्यवसायियों से कही थी। लेकिन आज तक ना तो व्यापारियों ने पुलिस की बात पर अमल किया हैं और ना ही उसके बाद पुलिस ने भी इस तरफ ध्यान दिया हैं। जिससे यह कहावत सही बैठती है कि जब जागे तब सवेरा।

### गोलीबार चौक से आंबेडकर चौक तक नकाबपोश युवाओं का हैं आतंक

वहीं पिछले कुछ दिनों से गोलीबारी चौक से अंबेडकर चौक तक मुँह में कपड़ा बांधे कुछ युवकों का गोलीबारी चौक वाले क्षेत्र में आतंक काफी बढ़ गया हैं। इन लोगों द्वारा प्रातःकाल की सैर पर निकलने वाले लोगों पर चलती बाइक से डंडे से वार करने की घटनाएं लगातार घट रही हैं, तो इन्हीं बाइक सवार युवकों द्वारा गोलीबारी चौक पर एक व्यक्ति से मोबाईल छीनने की घटना भी कारित कर चुके हैं।

### एसडीओपी कार्यालय होने के बाद भी शोहदों से परेशान हैं लोग

ध्यान रहे कि इसी गोलीबारी चौक पर एसडीओपी कार्यालय हैं और उसी क्षेत्र में इस तरह की वारदातों का घटित होना कहीं ना कहीं पुलिस व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े करता हैं। सनद रहे कि गोलीबारी चौक वारासिवनी का सबसे पुराना चौक हैं, लेकिन यहाँ पर शाम होते ही शोहदों का जमावड़ा चौक की दुकानों के आसपास और जनपद काम्प्लेक्स के मुख्य द्वार के सामने लग जाता हैं। जो खासतौर पर चौक से आने जाने वाली महिलाओं के लिए परेशानी का सबब बन रहा हैं। इनकी बाइकें सडक़ पर अव्यस्थित तरीके से खड़े होकर यातायात में बाधा उत्पन्न करती हैं। जिस ओर समय-समय पर जिम्मदारों का ध्यान आकृष्ट करवाने पर भी जिम्मदारों द्वारा व्यवस्था सुधारने के लिए यहाँ पर पुलिस जवानों को कुछ दिनों के लिए तैनात किया जाता हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद उनके हटते ही व्यवस्था फिर से बेपटरी होकर शोहदों के सुपुर्द हो जाती हैं।

## कमरे का दरवाजा तोड़कर निकाला, मोबाइल की होगी जांच

# रिटायर्ड टीआई के 24 वर्षीय बेटे का शव फंदे पर मिला



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के कोतवाली नगरीय क्षेत्र के वार्ड 32 की सावजी गली में रिटायर्ड टीआई एमएल झाड़ेकर के 24 वर्षीय बेटे वीरेन्द्र उर्फ सोनू झाड़ेकर ने फांसी लगा ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची को शव कब्जे में लेकर पंचनामे की कार्रवाई शुरू की।



### बड़ी मां ने देखा सबसे पहले शव

वीरेन्द्र रात करीब 12 बजे घर लौटा था। वह बिना खाना खाए सीधे अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह परिवार ने उसे फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। बड़ी मां ने कमरे का दरवाजा खटखटाया। प्रतिक्रिया न मिलने पर उन्होंने खिड़की से देखा तो वीरेन्द्र का शव पंखे से लटका हुआ था।

बड़ी मां की आवाज सुनकर परिजन और पड़ोसी जमा हो गए। लोगों ने कमरे का दरवाजा तोड़ा, लेकिन तब तक वीरेन्द्र की मृत्यु हो चुकी थी। वह परिवार का दूसरा बेटा था। उसकी एक बड़ी बहन और एक छोटा भाई है।

कोतवाली पुलिस और एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के मोबाइल की जांच और परिजनों के बयान से मौत के कारणों का पता लगाया जाएगा।

## बिजली विभाग ने लांच किया विद्युत मित्र एप

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर द्वारा विद्युत मित्र एप लांच किया गया है। जिसे कि गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। अधीक्षण अभियंता श्री दीपक कुमार उइके ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि इस ₹विद्युत मित्र एप₹ के अनेक फायदे हैं। ₹विद्युत मित्र एप₹ के माध्यम से हो रही, विद्युत चोरी की सूचना देकर 50 हजार रुपये तक ईनाम प्राप्त किया जा सकता है। जो कि उनके खाते में सीधे प्राप्त होगा जिसमें विद्युत की चोरी की सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जायेगा। श्री उइके ने बताया है कि विद्युत चोरी की शिकायतें कॉल सेन्टर 1912 पर करने पर विद्युत एप की सहायता से शिकायत की स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही उपभोक्ता ₹विद्युत मित्र एप₹ की सहायता से गुगल मैप पर अपने पास स्थित संपूर्ण विद्युत कनेक्शनों की जानकारी एवं उसका संपूर्ण विवरण भी देख सकते हैं।

## पीआरपी अधिनियम के तहत समाचार पत्र पत्रिकाओं का ऑनलाईन पंजीयन अनिवार्य

**बालाघाट।** भारत शासन के प्रेस रजिस्ट्रार जनरल द्वारा प्रेस एंड रजिस्ट्रेशन एक्ट के अंतर्गत समाचार पत्र/पत्रिकाओं के लिए पुराने पीआरपी अधिनियम-1867 के स्थान पर अधिनियम-2023 मार्च 2024 में अधिसूचित किया गया है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के आदेशानुसार इसमें समाचार पत्र/ पत्रिकाओं के लिए prg.prgi@gov.in के माध्यम से ऑनलाईन पंजीयन करना अनिवार्य किया गया है।

## आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष पद पर बालाघाट के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बीएम शरणागत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मध्य प्रदेश इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के प्रदेश अध्यक्ष पद पर बालाघाट के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बीएम शरणागत को निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। इस अवसर पर शहर के एक निजी होटल में चिकित्सकों ने अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप, डॉ. सीके पारधी, डॉ. प्रवीण ज्योतिषी और डॉ. वेदप्रकाश लिल्हारे सहित कई चिकित्सक उपस्थित थे। डॉ. शरणागत ने कहा कि इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, सागर, उज्जैन, रीवा और जबलपुर जोन के चिकित्सकों ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है।

आईएमए प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि चिकित्सकों का मुख्य कर्तव्य मानवता के साथ स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है। उन्होंने चिकित्सकों से प्रोफेशन की गरिमा बनाए रखने का आग्रह किया। बालाघाट में 1988 में डॉ. एके महाजन की ओर से स्थापित आईएमए की शुरुआत 11 सदस्यों से हुई थी। आज यह संगठन 160 सदस्यों के साथ विशाल वटवृक्ष बन चुका है।

डॉ. शरणागत ने अपनी प्राथमिकताओं में चिकित्सकों को एकजुट करना और बालाघाट में आईएमए भवन का निर्माण बनाया। उनका चिकित्सा क्षेत्र में लंबा अनुभव रहा है। वे 2001-2003 तक आईएमए के जिलाध्यक्ष, 2005 में जबलपुर जोन के जनरल सेक्रेटरी, 2013-2014 में प्रदेश उपाध्यक्ष और 2018-2020 तक नेशनल कमेटी सदस्य रहे हैं। उन्हें डॉ. आरए भागवत पुरस्कार सहित कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।

## संघर्ष से आत्म निर्भरता की ओर : सीमा बनी सशक्तिकरण की मिसाल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




सीमित संसाधनों में पली-बढ़ी सीमा (परिवर्तित नाम) ने विषम परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और आज वह कई महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन चुकी है। माता पिता द्वारा रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरी करके सीमा को बीए की शिक्षा दिलाई, सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुसार उसका विवाह संदीप (परिवर्तित नाम) से हुआ। परंतु यह संबंध शीघ्र ही मानसिक और शारीरिक हिंसा में तब्दील हो गया सीमा को गाली गलोज देकर मारपीट करना उसके रंग रूप को ले के भद्दी टिप्पणी कर गर्भावस्था के दौरान ही उसे घर से निकाल दिया गया।

बेबस और असहाय स्थिति में सीमा ने अपने माता-पिता की सहायता सेवन स्टॉप सेंटर, बालाघाट की शरण ली। जहाँ वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुश्री रचना चौधरी द्वारा उसे निःशुल्क परामर्श, मार्च 2023, पुलिस साहयता जुलाई 2023, कानूनी सहायता तथा घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के तहत घरेलु हिंसा रिपोर्ट माननीय न्यायालय में अगस्त 2023 दर्ज कराया गया । इसी दौरान सीमा ने एक बेटी को जन्म दिया।

दस्तावेज़ों की अनुपलब्धता के कारण नवजात को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था, किंतु वारासिवनी परियोजना अधिकारी श्री पियूष बोपचे के प्रयासों से 'एकल माता' के रूप में प्रकरण तैयार कर योजना का लाभ सुनिश्चित किया गया।

वन स्टॉप सेंटर बालाघाट से सीमा को-रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण वर्ष 2024 से प्रदान किया गया तथा चार-पहिया वाहन का ड्राइविंग लाइसेंस भी बनवाया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत 1.67 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ, जिससे उसे 15 मई को ई-रिक्शा उपलब्ध कराया गया। अब सीमा स्वावलंबन की राह पर अग्रसर है और अपने जीवन में नए अध्याय की शुरुआत कर चुकी है।

## मौसम का बदला मिजाज, हल्की बारिश के साथ तेज हवा



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में मई माह के दौरान मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। शनिवार को सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं। तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी है। मौसम विज्ञान विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल ने बताया कि बालाघाट में 24 से 28 मई तक आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया गया है।
मौसम वैज्ञानिक धर्मेंद्र अगासे ने बताया कि इस दौरान बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की संभावना है। साथ ही हल्की बारिश और मध्यम बादल छाए रहेंगे। उन्होंने बताया कि अधिकतम तापमान 39 से 39.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.2 से 26.4 डिग्री सेल्सियस रहेगा।
सुबह में हवा में नमी 52 से 58 प्रतिशत और दोपहर में 29 से 32 प्रतिशत रहने की संभावना है। आने वाले दिनों में हवाएं दक्षिण-पश्चिम दिशा से 3 से 8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी।

## मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश



**बालाघाट।** वारासिवनी में जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जन जागरूकता के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की छात्राओं ने भाग लिया और मेहंदी के माध्यम से जल संरक्षण का सार्थक संदेश दिया। छात्राओं ने अपने हाथों में मेहंदी रचाकर जल संरक्षण के महत्व को दर्शाया और लोगों को जल बचाने के लिए प्रेरित किया। इस पहल का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समुदाय को इसके लिए प्रेरित करना है।

### मेहंदी में जल संरक्षण का संदेश और शपथ

प्रतियोगिता में छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की मेहंदी डिजाइन बनाकर जल संरक्षण के महत्व को दर्शाया। मुस्कान माहुरकर ने अपनी सहेलियों और सहपाठियों के हाथों में मेहंदी रचाकर जल संरक्षण का संदेश दिया, जबकि पूजा गजभिए ने सुरेंद्र भगत विकासखंड समन्वयक के हाथों में जल संरक्षण के लिए संदेश लिखा कि ₹जो पानी बचाएगा, वही समझदार कहलाएगा₹। प्रतियोगिता के पश्चात सामाजिक कार्यकर्ताओं को सुरेंद्र कुमार भगत द्वारा सभी उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई कि वे जल संरक्षण के लिए अपनी भूमिका निभाएंगे और जल का संचय करेंगे।

### कार्यक्रम में उपस्थिति और सहयोग

कार्यक्रम में सुरेंद्र कुमार भगत, सत्यवती नगपुरे, पूजा गजभिए, मुस्कान माहुरकर, अनिता लिल्हारे, भारती गजभिए सहित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के सभी सामाजिक कार्यकर्ता और ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी एवं ग्रामीण लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर जल संरक्षण के महत्व को समझा और इसके लिए अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## लिंगमारा तालाब में साफ-सफाई और जल संरक्षण का दिया संदेश

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन के कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में वारासिवनी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लिंगमारा और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं ने लिंगमारा में माता मंदिर के पास तालाब की साफ-सफाई की और जल संरक्षण का सन्देश दिया।इस दौरान ग्रामीण जनों को कोमेंद्र बिसेन के द्वारा शपथ दिलाई गई और जल संरक्षण के महत्व पर चर्चा की गई।

## कन्या शिक्षा परिसर, गोंगलई में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



**बालाघाट।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में शनिवार को शासकीय कन्या शिक्षा परिसर, गोंगलई में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश शर्मा, द्वारा नालसा, नशा पीड़ितो के लिए विधिक सेवा के संबंध में जानकारी प्रदान की साथ ही श्री सतीश शर्मा द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। शिविर में श्रीमती शिखा शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, बालाघाट द्वारा किशोर न्याय अधिनियम, मोटर व्हीकल एक्ट, मौलिक अधिकार एवं मूल कर्तव्य तथा कैरियर गाईडेंस के संबंध में जानकारी दी गई साथ ही श्री बसंत डहाके, चीफ, लीगल एड डिफेंस काउंसल द्वारा संविधान में हुए 42वे संवैधानिक संशोधन से उद्भूत अनुच्छेद 39 ए के प्रावधानों के बारे में बताते हुए कहा कि इस अनुच्छेद के माध्यम से समाज के कमजोर, पिछड़े एवं आर्थिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह प्रदान की जाती है। इस अवसर पर डॉ गजानंद कटरे सी.टी.ओ. एन.सी.सी, अशोक रावड़े सी.एम. राईज़ विद्यालय शिक्षक, धीरेन्द्र दत्त आर्य, आर.एस. कुसराम, हंसराज चौहान प्रशिक्षक, प्रभारी एन.सी.सी. अभिजीत ठाकुर, पी.एल.वी. विजय सूर्यवंशी एवं लगभग 250 एन.सी.सी. कैडेट्स उपस्थित रहे।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के एसडीएम को वर्षा पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

# जल प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन का अमला रहे पूरी तरह सतर्क

## आपदा प्रबंधन की बैठक में कलेक्टर मीना ने वर्षा पूर्व तैयारियों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बारिश से पूर्व जिले के जल प्रभावित क्षेत्रों का अवलोकन निर्धारित कर तैयारियां सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने शनिवार को आपदा प्रबंधन की बैठक आयोजित की। बैठक में सभी एसडीएम को तहसील स्तर पर बारिश से पूर्व संबंधित विभागों के साथ बैठक आयोजित कर कार्य प्रणाली तय करने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड कमांडेंट श्रीमती रजनी खटीक ने बताया कि अधिकतर जिले की चार तहसीलों को वर्षाकाल में जल भराव जैसी स्थिति से गुजरना पड़ता है। कलेक्टर श्री मीना ने संबंधित तहसील के एसडीएम से इस संबंध में जानकारी ली। एसडीएम लांजी श्री कमलचंद सिंहसार ने बताया कि लांजी तहसील के परसोड़ी ग्राम में भीमगढ़ बाँध से छोड़े गए पानी तथा श्रीपुर बाँध महाराष्ट्र से छोड़े गए पानी से बैकवाटर की समस्या आ जाती है। ऐसी स्थिती में गांव टापू बन जाता है। उन्होंने बताया कि अतिवृष्टि से भारी समस्या का सामना ग्राम को जुलाई अगस्त में करना पड़ता है। कलेक्टर श्री मीना ने अधिक्षण यंत्री को डैम इंचार्ज से समन्वय स्थापित कर गेट खुलने की सूचना 24 घंटे पूर्व देने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने होमगार्ड कमांडेंट श्रीमती खटीक से कहा कि जल भराव व बाढ़ जैसी आपात स्थिति में रेस्क्यू टीम को सतर्क रहने के लिए निर्देशित किया है। बैठक में जिपं सीईओ श्री अभिषेक सराफ, एडीएम श्री जीएस धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री केसी ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्री एमआर कौल व अन्य जिला अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही एसडीएम, सीएमओ व अन्य अधिकारी गूगल मीट से जुड़े रहे।

**रेस्क्यू उपकरणों की समय से पूर्व होगी जाँचः** कलेक्टर श्री मीना ने बैठक के दौरान डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड कमांडेंट श्रीमती खटीक से कहा कि समस्त रेस्क्यू उपकरणों की जांच अभी से कर ले। इसके अलावा जबलपुर से भी रेस्क्यू टीम तैनात करने का इंतजाम सुनिश्चित करना होगा।

**जिला अधिकारियों से वर्षा पूर्व तैयारियों की ली गई जानकारीः** बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने सभी जिला अधिकारियों से वर्षा पूर्व तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने पीडब्ल्यूडी से बारिश से पूर्व ही जल प्रभावित क्षेत्र एवं सड़को में बैरियर तथा साइन बोर्ड लगाने के लिए कहा है। साथ पीएचई से पानी की व्यवस्था तथा सीएमएचओ को एम्बुलेंस व दवाइयों की व्यवस्थाओं में अलर्ट रहकर कार्य करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा डीएसओ राशन की व्यवस्था में तत्पर रहकर कार्य करेंगे। इसके अलावा डीईओ स्कूल बारिश में स्कूल व्यवस्था का संचालन तथा एमपीईबी बिजली व्यवस्था का पूर्ण अवलोकन सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर श्री मीना ने सभी थाना प्रभारी, एसडीएम व तहसीलदारों से अपने पास एक 100 फ़ीट का रस्सा रखने के लिए कहा है। जिससे कि बारिश में बाढ़ समस्या से राहत बचाव कार्य मे सुविधा होगी।

**पीडब्ल्यूडी ब्रिज व पीएमजीएसवाई को समय रहते सड़को व पुलों का जायजा लेना है अनिवार्यः** कलेक्टर श्री मीना ने वर्षा से पूर्व छोटे छोटे पहलुओं पर अमल करते हुए पीडब्ल्यूडी ब्रिज व पीएमजीएसवाई को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि सड़कों व पुलों की स्थितियों का जायजा अभी से कर लेना बेहतर है। जर्जर पुल पुलिया की बारिश में बह जाने की समस्या निर्मित न हो इसके लिए अभी से सतर्कता बरतना जरूरी है। वहीं सड़को में जल भराव से बाधित आवागमन के लिए डायवर्सन रुट का भी अवलोकन कर अभी से कार्य संपादित करना होगा।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने लालबर्रा एवं बैहर क्षेत्र में जल भराव व बाढ़ की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। वारासिवनी एसडीएम श्री आरआर पांडे ने बताया कि लालबर्रा से सिवनी रोड पर 2 नाले में अक्सर जल भराव से आवागमन की स्थिति बाधित होती है। वहीं एसडीएम बैहर श्री अर्पित गुप्ता ने बताया कि बंजर नदी की वजह से बाढ़ जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कलेक्टर श्री मीना ने दोंनो ही एसडीएम को निर्देश दिए है कि समय रहते स्थितियों का जायजा लेकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर ले। चूँकि अभी समय है, हर एक छोटे छोटे पहलू का अवलोकन किया जा सकता है। शहर में जल भराव व बाढ़ जैसी स्थितियों से निपटा के लिए सतर्कता बरतना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए है कि पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाई से सड़कों व पुलों का अवलोकन निर्धारित करना बेहतर होगा।